दिन— मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 04 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा — सरकारी योजनाओं से दस करोड़ फर्जी लोगों का नाम हटाकर तीन लाख करोड़ रूपये बचाया गया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त छह हजार तीन सौ इकतालीस कनीय अभियंताओं समेत छह हजार आठ सौ सैंतीस अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

03. राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में एक सौ छत्तीस एजेंडों पर मुहर लगी। जिसमें बयासी एजेंडा मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित है।

04. और, विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री आज लोकसभा में, संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि फर्जी लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस करोड़ फर्जी नामों को हटाया गया है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल गरीबों के प्रति संवेदनशील नहीं है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि डीवीटी के जरिए सरकारी योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजा जा रही है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने के लिए आयकर में इस बार बड़ी छूट दी है।

———बाइट———

---

सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत पूरे देश से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। राज्यसभा में आज पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि अब तक सरकार ने देश के लगभग सात सौ तैंतालीस जिलों में विभिन्न पदों पर इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि पायलट योजना की शुरुआत से लेकर अब तक कई भागीदार कंपनियों ने एक लाख सत्ताईस हजार इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए हैं और अट्ठाईस हजार से अधिक लोगों ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और वे इंटर्नशिप कर रहे हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त छह हजार तीन सौ इकतालीस कनीय अभियंताओं और चार सौ छियानवे अनुदेशकों सहित कुल छह हजार आठ सौ सैंतीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि पिछले छह वर्षों से नियुक्ति का मामला विवादों में फंसा हुआ था। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल और हस्तक्षेप के कारण कनीय अभियंताओं की नियुक्ति का मामला सुलझ गया।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के समय नौकरी में बहाली नही हुई थी। श्री सिन्हा ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि युवाओं को नौकरी देना एनडीए सरकार की गारंटी है। उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा आज एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में एक सौ छत्तीस एजेंडों पर मुहर लगी है। जिसमें बयासी एजेंडा सिर्फ मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित है। मार्च महीने में राजगीर में आयोजित की जाने वाली महिला विश्वकप कबड्डी चैपिंयनशिप के आयोजन के लिए आठ करोड़ रूपये आवंटन की मंजूरी दी गयी। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बाबा हरिहर नाथ मंदिर का विकास किया जाएगा। इसके अलावा मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

---

और अब खबरें महाकुंभ से–

–––म्यूजिक–––

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि महाकुंभ के आध्यात्मिक आयोजन में भारी आस्था देखी जा रही है और देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–––

–––रिपोर्ट–––

"देश और विदेश की प्रमुख हस्तियां, गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के इस पवित्र, त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। भूटान नरेश आज सुबह प्रयागराज पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ त्रिवेणी संगम पर आरती की। उन्होंने संगम घाट पर नाव की सवारी की और साइबेरियन पक्षियों को भी दाना डाला। इसके अलावा उन्होने प्रयागराज में अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन किया। वहीं डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से, आधुनिक तकनीक के जरिए, महाकुंभ की गहराई को भी समक्षा। भूटान नरेश का यह दौरा, भारत–भूटान की मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मेले की शुरुआत 13 जनवरी हो हुई थी और अब तक 38 करोड़ से अधिक श्रद्धालु, त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी, समाचार प्रयागराज। "

---

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान पच्चीस से तीस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। हालांकि हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

–––बाइट–––

---

आज विश्व कैंसर दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और सरकार के सहयोग से हर साल कैंसर से होने वाली लाखों मौत को टालना है। वैश्विक मृत्यु दर में कैंसर प्रमुख कारण है। आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक छह में से एक व्यक्ति की मृत्यु कैंसर से होती है और लगभग हर घर प्रभावित होता है। गलत जीवनशैली, दूषित जल कैंसर के बढ़ने का बड़ा कारण है। नई दिल्ली स्थित एम्स के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एम. डी. रे ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि कैंसर एक लाइलाज बीमारी है। उन्होने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच करवाते रहना चाहिए और कैंसर से बचाव के लिए एहतियाती कदम उठाने चाहिए।

———बाइट———

"आज वर्ल्ड कैंसर डे। मैं यही बोलना चाहता हूं, कैंसर इज अ प्रिवेंटेबल इवेनडिजी। कैंसर का जो मोस्ट कॉमन कॉज है, वो तम्बाकू रिलेटिड प्रोडक्ट होता है, जैसे सिगरेट, स्मॉकिंग, एल्कोहल एंड पॉल्यूशन, बेड लाइफ स्टाइल। कैंसर ठीक भी हो सकता है। कैंसर अगर ठीक टाइम पर डिटेक्ट हो। सो देन कैंसर में कोई डरने की बात नहीं है। वी केन फाइट द कैंसर एंड कैसर शुड बी अंडर आवर कंट्रोल, नोट वी शुड बी अंडर कैंसर कंट्रोल।"

इधर, विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

प्रादेशिक समाचार एकांश, पटना केंद्रीय बजट, दो हजार पच्चीस–छब्बीस पर विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में अब से थोड़ी देर बाद आठ बजकर पंद्रह मिनट पर केंद्रीय बजट और कृषि पर विशेष चर्चा प्रसारण किया जाएगा। इस चर्चा में अनुग्रह नारायण सिन्हा सामाजिक संस्थान, पटना के असिस्टेंट प्रोफेसर और कृषि अर्थशास्त्री अविरल पांडेय विशेषज्ञ के तौर भाग लेंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – सरकारी योजनाओं से दस करोड़ फर्जी लोगों का नाम हटाकर तीन लाख करोड़ रूपये बचाया गया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त छह हजार तीन सौ इकतालीस कनीय अभियंताओं समेत छह हजार आठ सौ सैंतीस अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

03. राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में एक सौ छत्तीस एजेंडों पर मुहर लगी। जिसमें बयासी एजेंडा मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित है।

04. और, विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।